प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 27.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की भक्ति में सभी लीन, शोभायात्रा में दिख रहा आस्था का सैलाब, जयकारे से वातावरण गुंजायमान।
2. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का कल रांची और खूंटी दौरा, धरती आबा को उलीहातू में करेंगे नमन, रांची आईआईएम के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।
3. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू ने हजारीबाग में दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से की मुलाकात, कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल, गिरफ्तारी के लिए एसआईटी गठित।
4. रांची समेत राज्य के कई इलाकों में तेज हवा और गरज के साथ हुई बारिश, दो अप्रैल तक ऐसे ही रहेंगे हालात, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी।
5. रांची में आयोजित राष्ट्रीय सब–जूनियर सेपक टकरा चैंपियनशिप में झारखंड ने डबल इवेंट में जीते दो काँस्य, राज्यपाल ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह।

*****************

रामनवमी पर समूचा देश राममय है। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम का आज सूर्य तिलक हुआ। सूर्य की किरणों से श्रीराम लला का अभिषेक हुआ, जिसके खास और आम साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वर्चुअल माध्यम से राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक समारोह को देखा। उन्होंने रामनवमी पर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर मंगलकामना की।

*****************

रामनवमी पर राज्य में भी हर्ष और उल्लास का माहौल है। रांची समेत विभिन्न जिलों में श्रीराम जन्मोत्सव की छटा देखते ही बन रही है। रांची का राम जानकी तपोवन मंदिर राजधानी वासियों के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर मंगलकामना की।

*****************

रामनवमी पर राज्यभर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हो रहे हैं। राजधानी रांची में भी रामनवमी को लेकर हर ओर हर्षोल्लास का वातावरण है। अखाड़ों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है, जिनकी मंजिल निवारणपुर स्थित राम जानकी तपोवन मंदिर है।

इसी बीच रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू समेत कई नेताओं ने भी रांची में शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों का स्वागत किया।

*****************

हजारीबाग में रामनवमी का उत्साह देखते ही बन रहा है। रामनवमी पर जिले में दंगल का आयोजन किया गया, जहां पहलवानों ने एक–दूसरे को पटकनिया मारे। दंगल में देश के कोने–कोने से आये पहलवान शामिल हुए। दंगल कराने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने और नशा से दूर रहने का संदेश देना है। हनुमानगढ़ी के पहलवान नागेन्द्र दास ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी अयोध्या से कम नहीं है।

*****************

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन कल राज्य के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति का कल सवेरे में रांची आगमन होगा, जिसके बाद वे खूंटी के उलिहातू जाकर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करेंगे। दोपहर बाद वे आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वे दिल्ली लौट जायेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर रांची और खूंटी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि प्रोटोकॉल पालन और सुरक्षा के लिहाज से व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस विनय चौबे की ओर से दायर जमानत याचिका पर एसीबी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक

ने अदालत से केस डायरी प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए चार अप्रैल को केस डायरी दाखिल करने का निर्देश दिया।

*****************

केंद्र सरकार ने व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के आवंटन का कोटा बढ़ाकर पचास से सत्तर प्रतिशत कर दिया है। इससे उन उद्योगों को राहत मिलेगी, जो बड़े स्तर पर अपने संचालन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं।

*****************

पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति के बीच केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर घरेलू शुल्क कम किया है, ताकि पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान आज बताया गया कि देश में लॉक डाउन की स्थिति नहीं है और न ही सरकार इस पर विचार कर रही है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत के पास वर्तमान में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है, अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता संतोषजनक बनी हुई है।

*****************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने विधि व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आज हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुंबा गांव पहुंचकर दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे। इधर जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी का गठन किया गया है।

*****************

रांची पुलिस ने लालपुर थानाक्षेत्र में घरों में घुसकर चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की जेवरात को नाबालिग चोर एक कबाड़ी दुकानदार को बेच देता था। इस मामले में कबाड़ी दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही चोरी के मोबाइल खरीदने के आरोप में दो अन्य लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

*****************

राज्य के कई इलाकों में दो अप्रैल तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। आज और कल कुछ इलाकों में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। कुछ इलाकों के लिए मौसम विज्ञान केन्द्र ने ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी कर आज ओलावृष्टि, आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इधर राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज हवा और गरज के साथ बारिश हुई।

*****************

रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 28वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा चैंपियनशिप का समापन हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा है, किंतु समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही वास्तविक सफलता की कुंजी हैं। इस प्रतियोगिता में मेजबान झारखंड ने डबल इवेंट के बालक और बालिका वर्ग में दो कॉस्य पदक हासिल किये।

*******समाप्त********